
RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

80 - 90 के दशक में इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित नहीं थी: माधुरी दीक्षित



पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 335 | TUESDAY DATE 23-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में नाव से शराब की तस्करी: डिलीवरी से पहले खेप बरामद

**पटना, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** बिहार में क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर शराब तस्कर सक्रिय हो गए है। अलग अलग तरीके से शहर में शराब की खेप लाई जा रही है। इसी कड़ी में पटना पुलिस ने गंगा नदी किनारे रेड की है। जिसमें नाव के साथ 15 बोरा देशी शराब पकड़ी गई है। पुलिस को देखते ही तस्करों ने गंगा में छलांग लगा दी। अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि गंगा पार दियारा से शराब लाई जा रही थी। इनपुट के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से जनरेटर नाव, 15 बोरा देसी शराब पकड़ी गई है। पटना में इसकी डिलीवरी होने वाली थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग ट्रेन से शराब उतारकर बाइक से ले जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर जब पुलिस वहां पहुंची, तब तस्कर भागने लगे। पकड़कर तलाशी ली गई, तब उनके पास से 8 बैग में 82.89 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पकड़े गए तस्करों में जक्कनपुर निवासी शुभम कुमार और गर्दनीबाग के अंशु कुमार, पवन कुमार, अभिजित कुमार शामिल है। एक नाबालिग की भी इसमें संलिप्तता है। 3 बाइक और 5 मोबाइल इनके पास से बरामद किए गए हैं।

### 100 से अधिक उड़ाने हुई रद्द, आईजीआई पर लॉकडाउन जैसे हालात

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** घने कोहरे और बर्फबारी के चलते जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ है वहीं एयरलाइंस पर भी इसका असर देखा जा रहा है। खराब मौसम के कारण 100 उड़ाने रद्द कर दी गई हैं और अब तक करीब 450 विमानों पर इसका असर हुआ है। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियो के आवागमन में भारी कमी आई है जिसके कारण यहां लॉकडाउन जैसे हालात बने हुए हैं। दिल्ली और उत्तर भारत में घने कोहरे ने लगातार सातवें दिन भी जनजीवन और यातायात को प्रभावित किया। रविवार को भी कोहरे और धुंध के कारण ट्रेनों और उड़ानों में भारी बाधा आई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक भी ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है, हालांकि उसके बाद कोहरे की तीव्रता कम होने की संभावना है। खासकर दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कोहरे की वजह से डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि 450 से अधिक उड़ानें देरी से चलीं। बीते एक हफ्ते में कुल 4,000 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनिया-राहुल समेत 7 आरोपियों को जारी किया नोटिस

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत सात आरोपियों को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संज्ञान लेने से इनकार करने वाले फैसले को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। ईडी की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में वरिष्ठ वकील तुषार मेहता ने अपनी दलील में कहा कि अंतिम निष्कर्ष यह है कि 50 लाख रुपए की राशि के बदले



आरोपियों को 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति प्राप्त हुई है। जून 2014 में एक व्यक्ति द्वारा प्राइवेट कंप्लेन दायर की गई, जिसपर निचली अदालत ने संज्ञान लिया था और बाद में दिल्ली हाई कोर्ट ने उस पर स्टे लगा दिया था। तुषार मेहता ने कहा कि अगर कोई एक पेज की एफआईआर फाइल करता है, तब वह ईडी के अपराध का मामला हो सकता है, लेकिन सेक्शन 200 सीआरपीसी के तहत कोर्ट द्वारा संज्ञान लेना क्या ईडी शिकायत का आधार नहीं हो सकता?

## विकसित भारत जी राम जी से ग्रामीण रोजगार गारंटी को नई मजबूती : शिवराज सिंह चौहान

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी राम जी पर एक लेख साझा किया है। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि कल्याणकारी सुधारों पर सार्वजनिक बहस न केवल जरूरी है बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी भी है। केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को नए कानून के फायदों पर एक ब्लॉग लिखते हुए समझाया कि नया कानून पिछले अधिकारों को कमजोर या कम नहीं करता है, बल्कि सीधे और पूरी ईमानदारी से कमियों को दूर करता है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिखा कि विकसित भारत जी राम जी की सबसे अहम विशेषता यह है कि यह हर ग्रामीण परिवार को साल में



125 दिनों के मजदूरी वाले रोजगार की कानूनी गारंटी देता है। यह व्यवस्था मौजूदा ढांचे से आगे बढ़ते हुए मनरेगा के समय के अयोग्यता प्रावधानों को हटाती है और आवेदन के 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने को कानूनी अधिकार बनाती है। मंत्री ने आगे लिखा कि ग्रामीण रोजगार व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या इरादों की नहीं, बल्कि संरचनात्मक कमियों की थी, जिन्हें यह बिल दूर करने की कोशिश करता है। उन्होंने पहले बिल के प्रावधानों को ध्यान से पढ़ने का भी सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिकारों को कमजोर नहीं करता, बल्कि उन्हें ज्यादा विश्वसनीय और लागू करने योग्य बनाता है।

## दिल्ली की हवा साफ करने के मिशन में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं : सिरसा



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए बहु-स्तरीय रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। बीते चार दिनों से लागू ग्रैप-4 के सख़्त प्रावधानों के सकारात्मक असर अब जमीन पर दिखने लगे हैं और हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया जा रहा है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम लागू होने के बाद अब तक 2 लाख से ज्यादा वाहनों की पीयूसी जांच हुई है और सर्टिफिकेट्स दिए गए। साथ ही 10,000 वाहन मानकों पर खरे नहीं उतर सके। उन्होंने कहा कि यह इस बात का साफ संकेत है कि सख्त प्रवर्तन सही दिशा में असर दिखा रहा है। माननीय मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सभी पीयूसी केंद्रों को आधुनिक और उन्नत मशीनों से अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि जांच में देरी न हो और नतीजे सही रहें। इसके साथ ही पीयूसी व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाने के लिए थर्ड-पार्टी जांच प्रणाली लागू की जा रही है। परिवहन विभाग की तकनीकी टीमें लगातार मौके पर निगरानी कर रही हैं ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो।

आज से दिल्ली भर में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया है। जो भी औद्योगिक इकाई वायु प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसे तुरंत सील किया जाएगा। 31 दिसंबर तक ओईसीएम सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन न करने वाले उद्योगों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। एमसीडी और डीपीसीसी मिलकर शहर में चल रहे अवैध और अनधिकृत औद्योगिक यूनिट्स की पहचान कर रहे हैं। ऐसे सभी यूनिट्स बंद किए जाएंगे। मंत्री ने कहा, दिल्ली सरकार 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिरसा ने बताया कि धूल नियंत्रण के लिए सड़कों पर दिन-रात सफाई और पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

### ग्रेप-4 के बीच कोंडली में ब्रिक प्लांट चालू, दिल्ली सरकार पर आम आदमी पार्टी का आरोप



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** दिल्ली में वायु प्रदूषण अपने खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप-4) की सख्त पाबंदियां लागू हैं। इसके बावजूद राजधानी में नियमों के उल्लंघन के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्रेप-4 के दौरान भी कोंडली स्थित दिल्ली सरकार के अधीन एसटीपी प्लांट में एक ब्रिक प्लांट धड़ल्ले से चल रहा है, जिससे भारी मात्रा में धुआं निकल रहा है। सौरभ भारद्वाज ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोंडली एसटीपी में चल रहे ब्रिक प्लांट का वीडियो साझा किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल प्रचार और नौटंकी में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर ग्रेप-4 के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। क्या दिल्ली में प्रदूषण कम करने की जिम्मेदारी सिर्फ आम जनता और विपक्ष की है, जबकि सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। कोंडली से आप विधायक कुलदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर ब्रिक प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह एसएसपी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी का स्लज मैनेजमेंट प्लांट है।

### ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क हादसा, कार सवार ड्राइवर घायल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कार अचानक अपना नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खड़ी तीन कारों को टक्कर मारते हुए एक ट्रक में टकरा गई। हादसे में कार सवार ड्राइवर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर 12:41 बजे के करीब एक हादसे की खबर आई। पुलिस को दो अलग-अलग कॉल्स मिलीं कि ए-230, ओखला फेज-कके सामने सर्विस रोड पर कई गाड़ियों की टक्कर हो गई है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो देखा कि एक कार अपना नियंत्रण खोने की वजह से अन्य गाड़ियों से टकराई है।

### राहुल गांधी तय करें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन: सीएम सिद्धारमैया

**मैसूर, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि राज्य में नेतृत्व को लेकर जो भी फैसला होगा, वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को करना चाहिए। अपने गृह क्षेत्र मैसूर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, राहुल गांधी जो भी निर्णय लेंगे, हम सभी उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मीडिया में चल रही चचाओं पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा, इतने सवाल पूछने की क्या जरूरत है?



## इस उम्र में नेता प्रतिपक्ष झूठ ना बालें, कोडीनयुक्त कफ सिरप से यूपी में एक भी मौत नहीं हुई : सीएम योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सदन में कोडीन कफ सिरप मामले में सरकार का पक्ष रखा और समाजवादी पार्टी के नेताओं की कड़ी आलोचना की। सीएम योगी ने कहा कि प्रश्न क्या है और मुद्दे क्या उठाए जा रहे हैं, इसका माननीय सदस्यों को अध्ययन करके आना चाहिए और सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। नेता विरोधी दल ने सदन की कार्रवाई होते ही इस मुद्दे को उठाया, इसलिए मुझे खड़ा होना पड़ा। सीएम ने कहावत चोर की दाढ़ी में तिनका का जिक्र कर समाजवादी पार्टी को आईना दिखाया। सीएम ने सदन में साफ किया कि कोडीन कफ सिरप से यूपी में एक भी मौत नहीं हुई है। इस मामले में एनडीपीएस के अंतर्गत कार्रवाई होगी, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कोर्ट में लड़ा और जीता है। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष की चुटकी लेते हुए कहा, इस उम्र में व्यक्ति सच बोलने का आदी होता है, लेकिन समाजवादी इस उम्र में भी उन्हें झूठ बोलने के लिए मजबूर कर देते हैं। समाजवादियों को ऐसा नहीं करना चाहिए और उन्हें भी सच बोलने का आदी होना चाहिए।



उन्होंने लंबे समय तक स्पीकर के रूप में सदन को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी के सबसे बड़े होलसेलर को एसटीएफ ने पकड़ा था। 2016 में समाजवादी पार्टी ने उसे लाइसेंस जारी किया था। देश में दो नमूने हैं। एक दिल्ली में व दूसरा लखनऊ में बैठता है। जब देश में कोई चर्चा होती है तो वे देश छोड़कर भाग जाते हैं। यही आपके बबुआ के साथ भी हो रहा है। आप चिल्लाते रहेंगे और बबुआ सैर सपाटे के लिए इंग्लैंड चले जाएंगे।

सीएम ने फिर स्पष्ट किया कि कोडीन कफ सिरप (नकली दवा) के कारण मौत की कोई भी बात शासन के संज्ञान में नहीं आयी है। समय-समय पर एफएसडीए विभाग लगातार छापेमारी व कार्रवाई करती है। कंपनियों में भी इस प्रकार की कार्रवाई होती है। यूपी में कोडीन कफ सिरप के केवल स्टाकिस्ट व होलसेलर हैं। इसका यहां प्रोडक्शन नहीं होता। इसका प्रोडक्शन मध्य प्रदेश, हिमाचल व अन्य राज्यों में होता है। मौत के जो प्रकरण आए हैं, वह भी अन्य राज्यों के हैं। ऐसे प्रकरण तमिलनाडु में बने सिरप के कारण आए हैं। यह पूरा प्रकरण अवैध डायवर्जन का है।

# ग्रेटर नोएडा जीरो प्वाइंट पर किसान महापंचायत



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट पर आज किसानों की एक बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसानों के जुटने की उम्मीद है। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

आगरा से लेकर गौतम बुद्ध नगर तक के किसान इस पंचायत में भाग लेकर अपने लंबे समय से लंबित मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। महापंचायत की तैयारियां बीते कई दिनों से चल रही थीं। जीरो प्वाइंट के नीचे कालीन और दरी बिछाकर बैठक की व्यापक व्यवस्था की गई है। मंच और साउंड सिस्टम भी लगाया गया है। फ्लाईओवर के पिलरों पर किसानों से जुड़ी मांगों और पंचायत से संबंधित पोस्टर-बैनर लगाए गए हैं, जिससे साफ संकेत मिलता है कि यह आयोजन पूरी तैयारी और संगठित तरीके से किया जा रहा है।

आसपास ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों के माध्यम से भी किसान पहुंचते नजर आ रहे हैं। किसानों की प्रमुख मांगों में 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर का भुगतान, सर्किल रेट में बढ़ोतरी, 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट का आवंटन, वर्ष 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को पूरी तरह लागू कराना, विस्थापन नीति में सुधार, प्रभावित परिवारों को रोजगार तथा आबादी निस्तारण जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं।

किसानों का कहना है कि विकास परियोजनाओं के नाम पर उनकी जमीन तो ली गई, लेकिन मुआवजा और पुनर्वास से जुड़े वादे आज तक पूरे नहीं किए गए। किसान नेताओं का आरोप है कि बार-बार ज्ञापन देने और आंदोलन करने के बावजूद प्रशासन और प्राधिकरण उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

इसी कारण आज की महापंचायत के जरिए सरकार और प्रशासन को एक मजबूत संदेश देने की रणनीति बनाई गई है। महापंचायत को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## ग्रींस सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** सेक्टर-102 स्थित गुड़गांव ग्रींस सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर एम्मार इंडिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संदीप फोगाट के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन की वजह सोसाइटी की खराब संरचना बताई गई। इस साल 22 अप्रैल को सोसाइटी के क्लब हाउस के जिम की छत गिर गई थी। संयोग से वहां कोई व्यक्ति नहीं था, नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी का निर्माण एमार इंडिया लिमिटेड ने किया था और 2019 में पजेशन मिलना शुरू हुआ था। शुरूआत से ही खराब निर्माण गुणवत्ता और संरचनात्मक दोषों के बारे में बार-बार चिंताएं जताई गई हैं। गुरुग्राम के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट को कई लिखित शिकायतें करने के बावजूद छत गिरने से पहले कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। निवासियों के अनुसार, घटना का मुख्य कारण क्लब हाउस की छत पर लगातार पानी जमा होना है, जिससे समय के साथ संरचना बहुत कमजोर हो गई है। क्लब हाउस के अंदर स्विमिंग पूल की संरचना भी जर्जर और असुरक्षित स्थिति में है। सोसाइटी के कई हिस्सों में बालकनियों से अक्सर मलबा गिरता रहता है, जिससे निवासियों को लगातार खतरा बना रहता है।

## निजी बस की टक्कर से पेट्रोल पंप के मैनेजर की मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** बिलासपुर थाना के अंतर्गत सिधरावली गांव स्थित इंडियन पेट्रोल पंप पर शनिवार की रात करीब 10.30 बजे निजी बस की टक्कर लगने व जांघों के ऊपर टायर उतरने से पंप के मैनेजर की मौत हो गई। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में बस के पंजीकरण नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है मृतक की पहचान रेवाड़ी (हरियाणा) के काठुवास गांव निवासी विनेश (47) के रूप में हुई है। वह सिधरावली गांव स्थित इंडियन पेट्रोल पंप पर मैनेजर था और करीब 20 सालों से यहां नौकरी कर रहा था। शनिवार की रात 10.30 बजे विनेश पेट्रोल पंप पर अपने कार्यालय के बाहर खड़ा था तो एक निजी बस ने उसको टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने से विनेश नीचे गिर गया और उसकी जांघों के ऊपर से बस के दोनों टायर (अगला व पिछला टायर) उतर गया। हादसे में बाद चालक बस को लेकर मौके से भाग गया। बस के टायर ऊपर से उतरने से विनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोल पंप के अन्य कर्मचारी घायल विनेश को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गए तो डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर होने से उसे किसी बड़े अस्पताल ले जाने के लिए कहा। जब विनेश को दूसरे निजी अस्पताल लेकर गए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नोएडा में प्रेमी युगलों को ब्लैकमेल करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 12 मोबाइल फोन बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

उत्तर प्रदेश में नोएडा के पार्कों और सुनसान इलाकों में लोगों को निशाना बनाकर ब्लैकमेलिंग और लूटपाट करने वाले तीन शातिर आरोपियों को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

नोएडा एडीसीपी शेव्या गोयल ने बताया कि आरोपी शहर के विभिन्न पार्कों में बैठे प्रेमी युगलों को अपना निशाना बनाते थे। ये आरोपी पहले चोरी-छिपे मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें और वीडियो बना लेते थे। इसके बाद खुद को किसी संगठन से जुड़ा हुआ या सामाजिक कार्यकर्ता बताकर कपल्स को धमकाते थे। उन्होंने बताया कि ये लोग धमकी देते थे कि यदि इन्हें पैसे या मोबाइल फोन नहीं दिए तो उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए जाएंगे। बदनामी के डर से कई लोग उनकी बातें मान जाते थे और पैसे देकर वहां से चले जाते थे।

नोएडा एडीसीपी ने बताया कि आरोपी पार्कों के साथ ही देर रात या सुनसान इलाकों में अकेले घूम रहे लोगों को भी अपना शिकार बनाते थे। मौका देखकर ये लोग डराकर या धमकाकर राह चलते लोगों के मोबाइल फोन छीन लेते थे।

थाना सेक्टर-58 पुलिस को लगातार इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जो अलग-अलग पीड़ितों से छीने या ब्लैकमेलिंग के जरिए हासिल किए गए थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अपराध स्वीकार किए हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया और क्या इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितेश कुमार, गजेंद्र सोलंकी, पवन नाम के रुप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई इस तरह की ब्लैकमेलिंग या लूटपाट का शिकार हुआ हो तो बिना डर के पुलिस से संपर्क करें। सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी।





## फर्जी दवाओं और नकली कॉस्मेटिक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली दवाओं और फर्जी कॉस्मेटिक उत्पादों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। सेल ने एक ऐसे मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जो स्प्यूरियस दवाओं व नकली ब्यूटी प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग तैयार कर सप्लाई करता था। दरअसल, यह मामला एफआईआर नंबर 360/25 के तहत दर्ज किया गया है और क्राइम ब्रांच थाना मामले की जांच कर रही है। इस केस में इससे पहले तीन आरोपियों को स्प्यूरियस दवाओं के निर्माण और सप्लाई की साजिश में गिरफ्तार किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को एक ऐसे प्रिंटिंग मॉड्यूल का सुराग मिला, जो नकली दवाओं और कॉस्मेटिक उत्पादों के लिए रैपर और पैकेजिंग सामग्री सप्लाई करता था। इसी कड़ी में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो नकली दवा क्लॉप-जी और कॉस्मेटिक क्रीम स्कीन साइन की पैकेजिंग बॉक्स सप्लाई करने में शामिल थे। पुलिस टीम ने राम रोड, दिल्ली स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा, जहां से स्कीन साइन के रैपर तैयार करने वाली दो डाई फ्रेम बरामद की गईं।

## असम की संस्कृति और राष्ट्रीय अखंडता कांग्रेस की प्राथमिकता में कभी नहीं थी: तरुण चुघ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत विभाजन की कड़वी सच्चाई को फिर से उजागर किया है, जिसे कांग्रेस दशकों से दबाती रही है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में तरुण चुघ ने आरोप लगाया कि आजादी से पहले असम को पूर्वी पाकिस्तान में शामिल करने की साजिश मुस्लिम लीग और कांग्रेस की संयुक्त योजना का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग ब्रिटिश शक्तियों के साथ खड़ी थी और कांग्रेस भी इसमें शामिल थी। असम की पहचान, संस्कृति, पूर्वोत्तर की सभ्यता तथा राष्ट्रीय अखंडता कभी कांग्रेस की प्राथमिकता नहीं रही। कांग्रेस के लिए केवल सत्ता के समीकरण ही सर्वोपरि रहे। उन्होंने प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ही पार्टी के खिलाफ



साहस दिखाया और विरोध किया, जिसके कारण असम की बहादुर जनता के समर्थन से असम भारत का अभिन्न अंग बना रहा। चुघ ने दावा किया कि कांग्रेस मुस्लिम लीग तथा ब्रिटिश शक्तियों के साथ मिलकर असम को पूर्वोत्तर से अलग करने पर तुली हुई थी। महाराष्ट्र निकाय चुनाव पर तरुण चुघ ने कहा कि हाल के निकाय चुनावों में राष्ट्रवादी शक्तियों की स्पष्ट विजय हुई है। देश को गाली देने वाले, हिंदुओं तथा सनातन धर्म को गाली देने वाले लोगों को जनता ने वोट की चोट से सजा दी है।

जी राम जी बिल पर सोनिया गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए चुघ ने कहा कि वे बेवजह हंगामा कर रही हैं।


## युवक ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

पालम विहार थाना के अंतर्गत मोलाहेड़ा गांव में किराये पर रहने वाले युवक ने शनिवार की रात को कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार की सुबह युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया। मृतक की पहचान एटा (उत्तर प्रदेश) के कुनेठा गांव निवास सुभाष (35) के रूप में हुई है। वह दिहाड़ी-मजदूरी करता था और परिवार के साथ गुरुग्राम के मोलाहेड़ा गांव में किराये पर रहता था।

पुलिस की जांच में सामने आया कि शनिवार को किसी बात को लेकर सुभाष की उसकी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई थी। इसके बाद शाम को उसकी पत्नी लड़ाई होने पर पत्नी पड़ोस में ही अपने मायके चली गई थी। सुभाष ने रात को अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह 4 बजे जब सुभाष का साला विपिन कंपनी में ड्यूटी करके वापस आया तो वह उसने अपने जीजा को फंदे पर लटका हुआ देखा तो परिवार वालों और पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पालम विहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं। पति-पत्नी के बीच थोड़ी कहासुनी होने की बात सामने आई है। मामले की छानबीन की जा रही है, कोई संदिग्ध बात सामने आती है तो उसी आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाया फंदा

धर्म कॉलोनी में 19 दिसंबर की रात को एक युवक ने किराये के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पालम विहार थाने की पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि मकान मालिक जितेंद्र के पास मृत युवक का कोई आईडी प्रूफ नहीं है।

## एक सप्ताह में पुलिस ने 39 साइबर ठग किए गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

साइबर अपराध पर लगाम कसते हुए फरीदाबाद पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में साइबर थानों की टीमों ने 13 से 19 दिसंबर के बीच कार्रवाई करते हुए 14 मामलों में 39 साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने साइबर ठगी से संबंधित 77 लाख 60 हजार 620 रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि साइबर आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर थाना एनआईटी, सेंट्रल और बल्लभगढ़ की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

इनमें साइबर थाना एनआईटी का एक मामला, सेंट्रल के छह और बल्लभगढ़ के सात मामले शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने अलग-अलग तरीकों से लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया था।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में पुलिस ने केवल गिरफ्तारी और बरामदगी तक ही सीमित न रहते हुए आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान भी किया।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# फटाफट खबरें



## भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए बढ़े रोजगार के अवसर : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, महिला सशक्तिकरण और जीवन की सुगमता पूरी तरह से प्रदर्शित हो रही है।

## हावड़ा में कच्चे मकान में लगी आग, परिवार के चार लोग जिंदा जले

**कोलकाता, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में घर में आग लग गई जिससे परिवार के चार सदस्यों की जलने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार सुबह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना जॉयपुर थाना क्षेत्र के सौरिया गांव में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में घटी। मृतकों की पहचान दुर्योधन दोलुई (72), उनके बेटे दूधकुमार दोलुई (45), बहू शिबानी दोलुई (40) और पोती शम्पा दोलुई (15) के रूप में हुई है। दमकल के दो वाहनों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह परिवार बहुत ही गरीब था। दूधकुमार का एक बेटा भी है, जो राज्य के बाहर प्रवासी मजदूर के रूप में काम करता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कच्चे घर में आग कैसे लगी।

# सीनियर सिटिजन डे केयर सेंटर में जगदीश अरोड़ा सुपरिडेंट ने मनाया जन्मदिन

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 22 दिसम्बर। करनाल के सीनियर सिटिजन डे केयर सेंटर मे करनाल निवासी जगदीश अरोड़ा (रिटायर्ड सुपरिडेंट) का जन्मदिन सादगी और सम्मानपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, सक्रिय और दीर्घायु जीवन की कामना की।

जगदीश अरोड़ा जी, शिक्षा जगत में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व प्रिंसिपल विजय रानी के जीवनसाथी हैं। वे मिलनसार स्वभाव, सकारात्मक सोच और सामाजिक सहभागिता के लिए जाने जाते हैं। सीनियर सिटिजन डे केयर में उपस्थित सदस्यों ने उनके अनुभव, मार्गदर्शन और समाज के प्रति योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान आत्मीय वातावरण रहा, जहाँ वरिष्ठ नागरिकों ने आपसी संवाद, स्नेह और सम्मान के साथ जन्मदिन को स्मरणीय बनाया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर स्वस्थ जीवन की कामना की।



डे केयर सेंटर में जगदीश जी के मित्र मदन मोहन गिरधर, गुरमीत सिंह, जगदीश चावला, श्री सेठी, राजेश वर्मा, विष्णु शर्मा, हरि नारायण शर्मा, श्री कालरा, श्री अरोड़ा जी, इंदर मोहन अरोड़ा, श्री सचदेवा जी, श्री हरबंस लाल शर्मा, श्री ओढ़ी जी तथा श्री ढींगरा जी जन्मदिन की बधाई देने पहुँचे और उन्होंने दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# यदि करनी हो जनसेवा,रक्तदान हैं उत्तम सेवा:बीर सिंह





» **हरियाणा, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

आज गांव सनियाना की जय बजरंग धर्मशाला में हरवर्ष की भांति साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की लासानी शहादत को समर्पित छ्चौथा विशाल रक्तदान कैम्प लगाया गया ! बीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि करनी है जनसेवा,रक्तदान दान है उत्तम सेवाह्र रक्तदान मानवता की भलाई का पुनीत कार्य है !बीर सिंह ने प्रेरणा कर अपने भतीजे विक्रम जाखड़ और गुरुभाई योगी राजबीर साहू के बेटे रमन से प्रथम बार रक्तदान करवा कर इस पुनीत कार्य में सहयोग किया !

इस विशाल कैम्प के मुख्य सूत्रधार मंच संचालन कर रहे विनोद कुमार कैरो ने बताया कि सभी सम्मानित रक्तदान कताओं ,दानकताओं के सहयोग और योगदान से साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की लासानी शहादत को समर्पित चौथा विशाल रक्तदान कैंप सफल रहा। वाहेगुरु मेहर करदा रहे।

आज गांव सनियाना और आसपास के गांव से 115 यूनिट रक्तदान किया गया। सनियाना गांव के इतिहास में यह सबसे ज्यादा यूनिट रक्तदान हुआ है।

इसके साथ साथ साहिबजादों की शहादत को समर्पित यह कैंप चार साल से लगातार लगाया जा रहा है, यह भी गांव के लिए गर्व की बात है बीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान करने के कई फायदे हैं, जिनमें बेहतर हृदय स्वास्थ्य (हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम), नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण, मुफ्त स्वास्थ्य जांच (जैसे ब्लड ग्रुप पता चलना, लक्स/ हेपेटाइटिस की जांच), और कैलोरी बर्न होना शामिल है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं, साथ ही यह एक नेक काम है जो दूसरों की जान बचाता है।

यह शरीर से अतिरिक्त आयरन को हटाकर हृदय रोगों का जोखिम कम करता है और रक्त को पतला रखता है, जिससे रक्त का थक्का जमने की संभावना घटती है और हमारे स्वास्थ्य सुधारने में लाभकारी है तो हमें स्वेच्छा से रक्तदान जरुर करना चाहिए बीर सिंह ने आयोजक संस्था के प्रधान कुलविंदर सिंह बल उनकी पूरी टीम और सभी रक्तदान योद्धाओं, मातृशक्ति सेवाकर्ता,सहयोग कर्ता सज्जनों का धन्यवाद किया !



## ममता बनर्जी और हुमायूं कबीर के तार आपस में जुड़े हैं: आरपी सिंह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता आरपी सिंह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मिलीभगत से टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने नई पार्टी बनाई है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के इशारे पर यह सब हो रहा है। हुमायूं कबीर बाबर के नाम पर मस्जिद बनवाना चाहते हैं और इसके लिए सरकार छूट दे रही है। आईएएनएस से बातचीत में आरपी सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी और हुमायूं कबीर के तार आपस में जुड़े हुए हैं। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि जी राम जी बिल गरीबों और मजदूरों के हित में है। विपक्ष इस पर हंगामा करके केवल भ्रम पैदा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी संसद की डिबेट नहीं देखतीं। इस बिल पर 14 घंटे की चर्चा हुई, जिसमें 98 सांसदों ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी सांसदों के सवालों के जवाब दिए। कांग्रेस मजदूरों के हित का विरोध कर रही है। इस बिल से गांवों में 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी मिलेगी, लेकिन कांग्रेस को मजदूरों का हित रास नहीं आता। महाराष्ट्र निकाय चुनाव पर आरपी सिंह ने कहा कि सरकार जो काम कर रही है, वह बोलता है। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार पर जनता का आशीर्वाद है। विपक्ष के चुनावी हार पर लगाए गए आरोपों पर कहा कि विपक्ष अगर चुनाव जीत जाता है तो सब कुछ अच्छा होता है, लेकिन हारते ही आरोप लगाने लगता है।

## केंद्र सरकार का खजाना बिहार के लिए खुला है : शाहनवाज हुसैन



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पीएम मोदी की मुलाकात पर कहा कि एनडीए की बिहार में सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार पहली बार दिल्ली आए और पीएम मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात काफी अच्छी रही है। हुसैन ने कहा कि केंद्र सरकार का खजाना बिहार के लिए खुला है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश की जोड़ी हिट साबित हुई है। शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी गए थे और पहली बार नीतीश कुमार शपथग्रहण के बाद दिल्ली आए। दोनों के बीच बहुत अच्छी मुलाकात हुई है। बिहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा नई पार्टी बनाने पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हुमायूं कबीर टीएमसी के एजेंट हैं।

# पंचकूला में कौन बनेगा ज्ञानरत्न पुस्तक का भव्य लोकार्पण एवं सम्मान समारोह संपन्न

» **हरियाणा, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

पंचकूला में आयोजित कौन बनेगा ज्ञानरत्न पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामयी और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ ज्ञान, संस्कृति और साहित्य के संवर्धन को केंद्र में रखकर एक सार्थक पहल देखने को मिली।

इस अवसर पर ओम प्रकाश धनखड़ (राष्ट्रीय सचिव, भारतीय जनता पार्टी) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को विशेष रूप से बढ़ाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुस्तकें समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं और ज्ञान आधारित पहलें युवाओं को सकारात्मक सोच व संस्कारों से जोड़ती हैं।

कार्यक्रम के दौरान कौन बनेगा ज्ञानरत्न पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया गया, साथ ही शिक्षा, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा, बल्कि नई पीढ़ी को ज्ञान के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश भी देता नजर आया। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों, लेखकों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के बौद्धिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम ज्ञान, संस्कृति और साहित्य को समर्पित एक यादगार एवं प्रेरक आयोजन के रूप में सफल रहा।





# सुमन सलूजा के नेतृत्व में बच्चों ने किया भ्रमण

» **हरियाणा, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय( नहर कोठी) बरवाला के विद्यार्थियों ने ट्विनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत होली होम पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विद्यालय की हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा ने किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने होली होम पब्लिक स्कूल की मैडम हिना सेतिया ने शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धतियों, अनुशासन व्यवस्था एवं सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों को निकट से दिखाया और समझाया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद, परिचय एवं अनुभव साझा करने का अवसर मिला, जिससे उनमें आत्मविश्वास, सहयोग भावना और सामाजिक समझ का विकास हुआ। रेनू कुमारी ओर रीमा रहेजा मैडम सहयोगी रही हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्विनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे अन्य विद्यालयों की कार्यशैली से सीख सकें। होली होम पब्लिक स्कूल के प्रबंधन एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

संक्षिप्त खबरें

## 10 लाख की रंगदारी न देने पर मिली धमकी

**लोनी, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** निर्माण कार्य से पहले 10 लाख रुपये की रंगदारी न देने पर मुरादनगर के गांव खरमपुर निवासी गजेंद्र को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने मामले में 20 दिसंबर की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि संगम विहार कॉलोनी में उनका प्लॉट है। वह अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने के लिए गए थे। बेहटा हाजीपुर निवासी संजय अपने एक साथी के साथ पहुंचा और निर्माण कार्य कराने से पहले दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही रुपये न देने पर प्लॉट पर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोहरे के बीच देश का दूसरा प्रदूषित शहर रहा गाजियाबाद

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** बढ़ती ठंड और कोहरे के बीच रविवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 364 दर्ज हुआ। इसके चलते देश का दूसरा प्रदूषित शहर भी रहा। देश में पहले नंबर पर सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली रहा। यहां का एक्यूआई 377 दर्ज किया गया। वहीं घने कोहरे के चलते रविवार को पटना से हिंडन हवाईअड्डे आने वाली और यहां से चेन्नई जाने वाली दो फ्लाइटें रद्द रहीं। जहां एक तरफ लोगों को बढ़ती सर्दी से दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं वहीं रविवार को प्रदूषण के मामले में भी गाजियाबाद दूसरे नंबर पर रहा। इसकी वजह से बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं व बीमार लोगों के लिए मुसीबतें और भी बढ़ गई हैं। प्रदूषण को लेकर हो रही सख्ती भी ज्यादा प्रभावी होती दिखाई नहीं दे रही है।

# गैस का बिल लंबित बताया, एपीके फाइल भेजी, फिर खाते से निकाले 10 लाख

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

घरेलू गैस कनेक्शन का बिल लंबित होने की बात कहकर साइबर ठगों ने इंदिरापुरम, शक्ति खंड के तुलसीदास शर्मा को बातों में उलझाया और एपीके फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके खाते से 10 लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में उन्होंने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

तुलसीदास शर्मा ने बताया कि 17 दिसंबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से एक कॉल आई थी। बात करने वाले ने खुद को आईजीएल कंपनी का अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि उनके गैस कनेक्शन का बिल



लंबित चल रहा है।

इस भुगतान को तुरंत करना जरूरी है। नहीं तो कनेक्शन बंद हो जाएगा। ठगों ने उनसे कहा कि वह एक लिंक भेज रहे हैं। जिसको डाउनलोड करके वह अपना बिल जमा कर सकते हैं।

उन्होंने एक एपीके फाइल भेजी। जैसे ही उन्होंने भेजी गई फाइल डाउनलोड की तो उनका मोबाइल हैक हो गया। आरोपियों ने उनके खाते से 10 लाख रुपये रकम निकाल ली। दो दिन तक उनका मोबाइल हैक रहा।

### पहली बार में मिला 3720 का मुनाफा, फिर गंवा दिए 3.37 लाख

साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर कमाई होने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 3.37 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पहले उनसे 9100 रुपये ट्रांसफर कराए और फिर उनको इस पर 3720 रुपये का मुनाफा दिया। लालच में आकर उन्होंने रकम ट्रांसफर की। मामले में वेवसिटी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

आदित्य वर्ल्ड सिटी निवासी अनूप पांडेय ने बताया कि उनके पास एक मैसेज आया। इसमें टास्क पूरा करने पर कमाई होने का दावा किया गया था। उन्होंने इसमें रुचि दिखाई। उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। उन्हें विश्वास दिलाया गया कि टास्क पूरा करने पर मोटा मुनाफा होगा। पहली बार में उनसे 9100 रुपये ट्रांसफर कराए।

### बिरयानी विक्रेता का मोबाइल हैक कर निकाले 96 हजार

मसूरी। 30 प्लेट बिरयानी का ऑर्डर देकर उसकी पेमेंट करने के नाम पर बिरयानी विक्रेता के खाते से 96.50 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। भुगतान करने के लिए आरोपी ने उनको लिंक भेजा। मामले में आकाश नगर निवासी गोपाल ने मसूरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गोपाल ने बताया कि उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। बात करने वाले ने 30 प्लेट बिरयानी पैक करने का ऑर्डर दिया। इसके बाद उसने कहा कि वह ऑनलाइन भुगतान कर रहा है। शातिर ने पहले उन्हें दो और चार रुपये भेजकर पूछा कि खाते में पैसे आ गए है क्या। इसके बाद शातिर ने कुछ लिंक भेजे और कहा कि लिंक खोलने पर पैसा अपने आप खाते में आ जाएगा। लिंक खोलते ही मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके खाते से चार बार में 96.50 हजार रुपये निकल गए। उनके खाते में और रकम नहीं थी अन्यथा वह भी निकल जाती। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि खाते में जमा रकम को फ्रीज कराया जा रहा है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम गहनता से काम कर रही है। उधर, कविनगर में रितेश खरबंदा के खाते से शातिरों ने दो बार में 60 हजार रुपये निकाल लिए।

## तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** थानाक्षेत्र के मोहन नगर स्थित अर्थला की संजय कॉलोनी निवासी ओम प्रकाश को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा 18 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे का है। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल में



भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके बेटे कुलदीप की तहरीर पर 20 दिसंबर की रात पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज मामले में कुलदीप ने बताया कि उनके पिता निजी कार्य से जा रहे थे। करहैड़ा गांव के पास नागद्वार पर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि गाड़ी मालिक को नोटिस भेज दिया गया है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापारियों के विरोध के बाद पुलिस और निगम की टीम ने रोका पैठ बाजार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** पुराना गाजियाबाद में गंदे नाले के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार के खिलाफ रविवार को भी व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि महापौर के आदेश और निगम की टीम के मौजूदगी में पैठ बाजार को नहीं लगने दिया गया। इससे पहले भी रविवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर पैठ बाजार का विरोध किया था। शनिवार से ही प्रशासन और नगर निगम की टीमों ने मौके पर नाकाबंदी कर दी थी। क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह से ही नगर निगम के सिटी जोन प्रभारी आरपी सिंह और नगर कोतवाल सचिन कुमार मौके पर मौजूद रहे और साप्ताहिक बाजार नहीं लगने दिया गया। व्यापारियों को सुबह ही महापौर सुनीता दयाल ने लखनऊ से फोन कर स्पष्ट कर दिया था कि बाजार को किसी भी हाल में नहीं लगने दिया जाएगा। इसके बाद नगर निगम और प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ अवैध बाजार को रोक दिया। यदि दोपहर के बाद बाजार लगाने की कोशिश की गई तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। व्यापारी नेता अरुण मित्तल ने कहा कि सभी व्यापारियों को एकजुट होकर इस अवैध बाजार का विरोध करना चाहिए क्योंकि अब यह बाजार घरों के बाहर तक लगने लगा है। गंदे नाले क्षेत्र के निवासियों हाजी चमन और इमरान रिजवान ने भी मौके पर पहुंचकर अपनी परेशानी बताई। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बाजार की वजह से वे अपने घरों से निकल नहीं पाते और बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## सर्दी के मौसम में जोड़ों के दर्द और पेट की बीमारियों के मरीज बढ़े

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

सर्दी के मौसम का असर लोगों की सेहत पर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। जिले में आयोजित आरोग्य मेलों में इलाज के लिए पहुंचे अधिकांश मरीज जोड़ों और घुटनों के दर्द, पेट में गैस और एसिडिटी, सांस लेने में परेशानी व खांसी जैसी समस्याओं से पीड़ित पाए गए। डॉक्टरों के अनुसार ठंड बढ़ने के साथ इन बीमारियों के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है।

जिले के नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों



में कुल 66 स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले आयोजित किए गए। हालांकि नगरीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में अधिकतर केंद्रों पर सुबह 11 बजे के बाद मरीजों की भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने बड़ी संख्या में इलाज कराया। नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोग्य मेलों के दौरान कुल 2970 मरीजों ने इलाज के लिए पंजीकरण कराया। इनमें से कई मरीजों को विशेष जांच की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने बताया कि 435 मरीजों को खून की जांच, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन के लिए एमएमजी अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## मॉल में युवक ने भरी युवती की मांग, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** शहर के एक मॉल में युवक ने युवती की मांग में सिंदूर भर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना आरडीसी स्थित मॉल की बताई जा रही है। हालांकि, मॉल प्रबंधन और पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इन्कार किया है। वायरल वीडियो में युवक पहले युवती को प्रपोज करता दिख रहा है। इसके बाद वह उसकी मांग में सिंदूर भर देता है। वीडियो में युगल के आसपास 20 से अधिक युवक-युवतियां मौजूद नजर आ रहे हैं, जो तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो को कई लोगों ने शेयर किया है। साथ ही इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। एक यूजर ने लिखा कि ह्यन बैंड, न बरात और हो गई शादी। वहीं, कुछ लोग सार्वजनिक स्थल पर इस तरह के कृत्य को अनुचित बताते हुए आलोचना भी कर रहे हैं।

## आवासीय बिल्डिंग विकसित करने का सौदा कर पांच करोड़ हड़पने का आरोप



**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

लिंकरोड थानाक्षेत्र के रामपुरी स्थित एजीसी बिल्डकॉन एलएलपी बिल्डर के मालिक अमित चौधरी ने आवासीय बिल्डिंग विकसित करने का सौदा कर उनसे 4.99 करोड़ रुपये हड़पने की शिकायत पुलिस से की है। आरोप कविनगर के प्रतिष्ठा अपार्टमेंट निवासी आनंद सिंह और चंद्र मोहन ठाकुरान पर है। पीड़ित से रुपये लेकर तीसरे पक्ष से सौदा करने और रकम वापस न करने व धमकी देने का आरोप दोनों पर है। 20 दिसंबर को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में अमित चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने मोदीनगर के बड़का आरिफपुर गांव में अपनी 91 बीघा जमीन बताई थी। साथ ही उस भूमि पर आवासीय क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। फरवरी 2024 में आरोपियों ने उनके कार्यालय पर संपर्क किया। इसके बाद पांच अगस्त 2024 को दोनों पक्षों के बीच विकास अनुबंध भी हो गया। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि संपत्ति में आनंद सिंह की बहन पुष्पा भी हिस्सेदार हैं। जब उन्होंने इस बारे में आरोपियों से बात की तब उन्हें जल्द ही पुष्पा की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने का भरोसा मिला। इसके बाद आरोपियों ने पहले 2.20 करोड़ रुपये उनसे लिए और फिर समझौता तय होने के बाद 2,69,60,000 रुपये ले लिए। आरोप है कि जब जमीन के दाम बढ़े तब आरोपियों ने उन्हें बुलाया और तीसरे पक्ष से भूमि का सौदा होने की बात कहते हुए रकम वापस करने का आश्वासन दिया। काफी समय बाद भी जब रुपये नहीं मिले तब उन्होंने आनंद सिंह व चंद्र मोहन ठाकुरान से तकादा किया।

## बिल्डर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर न्याय की मांग

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** सेक्टर-102 स्थित बीपीटीपी एमस्टोरिया के निवासियों ने सोसाइटी स्थित बिल्डर के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिल्डर प्रबंधन के कर्मियों ने शुक्रवार को सोसाइटी के एक परिवार के साथ मारपीट की, हमले से उसका सिर फट गया। परिवार की महिला सदस्यों और बुजुर्ग के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। निवासियों ने बताया कि बिल्डर प्रबंधन यूजी टैंक के लिए प्रस्तावित जगह पर अपना कार्यालय बनाने की कोशिश कर रहे थे। पड़ोस के नरेंद्र सिंह यादव ने बिल्डर प्रबंधन के कर्मियों से पूछा कि आरडब्ल्यूए ने इजाजत ली है या नहीं। इस कहासुनी के बीच उनके पुत्र पर जानलेवा हमला किया गया और उसका सिर फट गया और अस्पताल ले जाना पड़ा। यूजी टैंक के पास कार्यालय बनाए जाने के विरोध को लेकर लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। राजेंद्र पार्क थाने में इसकी शिकायत दी गई है।

# साइबर ठगों ने दो लोगों के खाते से निकाले 5.56 लाख

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

ट्रांस हिंडन जोन के कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर सात निवासी जैनेश्वर दयाल का मोबाइल हैक करके साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से 1.96 लाख रुपये निकाल लिए। वहीं लिंकरोड क्षेत्र के बृज विहार निवासी चाय विक्रेता राहुल कुमार के खाते से ठग तीन महीने तक उनकी मेहनत की कमाई निकालते रहे और उन्हें पता भी नहीं चला। दोनों ही मामले में पीड़ितों को नवंबर 2025 में ठगी की जानकारी हुई। साइबर सेल की जांच के बाद 20 दिसंबर को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में राहुल कुमार ने बताया कि वह चाय की दुकान संचालित कर अपने परिवार का पालन करते हैं। दुकान से होने वाली आय को बैंक



खाते में जमा कर अपना घर बनाने के लिए रुपये जोड़ रहे थे। नवंबर माह में वह बैंक रकम निकालने के लिए गए तब पता चला कि उनके खाते में रुपये ही नहीं हैं। जब जांच हुई तब पता चला कि पिछले तीन महीने से उनके खाते में जमा 3.60 लाख की रकम किसी शादाब नामक युवक के खाते में स्थानांतरित हुई है। ठगों ने उनकी पूरी कमाई उड़ा ली। इसके बाद उन्होंने आठ दिसंबर को साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत की। वहीं दूसरे मामले में जैनेश्वर दयाल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 23 नवंबर की रात साइबर ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बैंक बाद खाते से 98 हजार रुपये निकाल लिए। 24 नवंबर को भी खाते से 98 हजार रुपए स्थानांतरित हो गए। बताया कि रुपये कटने से पहले न तो कोई मैसेज उन्हें मिला और न ही कोई ओटीपी आया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि साइबर सेल की टीम दोनों मामलों पर काम कर रही है। जिन खातों में रकम स्थानांतरित हुई है उनके धारकों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### एलएंडटी ग्रीन हाइड्रोजन और रिन्यूएबल ऊर्जा में कर रही विस्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ग्रीन हाइड्रोजन को अपनी प्रमुख ऊर्जा श्रेणी के रूप में देख रही है। कंपनी ने इस क्षेत्र में विस्तार के लिए एलएंडटी इनर्जी ग्रीन टेक लिमिटेड नाम से अलग इकाई बनाई है। एलऐंडटी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कंपनी पहले चरण में 2-3 परियोजनाओं को पूरा करके अनुभव हासिल करना चाहती है, और उसके बाद विस्तार करेगी। भारत में हजीरा और कांडला में इलेक्ट्रोलाइजर इकाइयां स्थापित की गई हैं, जबकि फ्रांस की मेकफाई के साथ तकनीकी सहयोग भी चल रहा है। एलऐंडटी रिन्यूएबल ऊर्जा क्षेत्र में भी तेजी से बढ़ रही है। कंपनी का ईपीसी पोर्टफोलियो 38 गीगावॉट तक पहुंच चुका है और वित्त वर्ष 2026 में 10-12 गीगावॉट के नए ऑर्डर हासिल करने का लक्ष्य है। वह सऊदी अरब और यूएई में बड़े बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है, जिनकी क्षमता 16 गीगावॉट प्रति घंटा है। भारत में लगभग 600 मेगावॉट प्रति घंटा की बैटरी परियोजनाएं चल रही हैं। एलऐंडटी भारत में 765 और 800 किलोवोल्ट एचवीडीसी लाइनों* और पश्चिमी एशिया में 400 किलोवोल्ट तक की परियोजनाओं में अग्रणी है। कंपनी हर साल 14-15 परेषण और सबस्टेशन प्रोजेक्ट्स संचालित करती है।

### अब एमएसएमई ऋण देने में डिजिटल डेटा आधारित निर्णय लेने लगे सरकारी बैंक

#### 2,61,281 आवेदन स्वीकृत हुए और 23,541 करोड़ जारी किए गए

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** वित्त वर्ष 2026 के 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने डिजिटल फुटप्रिंट आधारित क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के तहत 28,724 करोड़ रुपये एमएसएमई को ऋण के रूप में मंजूर किए। इस अवधि में कुल 5,60,655 ऋण आवेदन जांचे गए, जिनमें से 2,61,281 आवेदन स्वीकृत हुए और 23,541 करोड़ रुपये जारी किए गए। लगभग 1,88,999 आवेदन अभी प्रक्रिया में हैं। बैंकों की कुल अस्वीकृति दर लगभग 20 प्रतिशत रही। बैंक ऑफ महाराष्ट्र में यह दर कम रही, जबकि बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक में अधिक आवेदन अस्वीकृत किए गए। अधिकारियों ने कहा कि यह अस्वीकृति डिजिटल डेटा आधारित वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन को दर्शाती है, न कि विवेकाधीन निर्णय। यह मॉडल 2024-25 के केंद्रीय बजट में पेश किया गया और मार्च 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लॉन्च किया गया। बैंक अब जीएसटी फाइलिंग, आयकर रिटर्न, बैंक खाते की जानकारी और अन्य प्रमाणित डिजिटल रिकॉर्ड का उपयोग करके ऋण प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य एमएसएमई तक औपचारिक ऋण पहुंच बढ़ाना, गिरवी आधारित ऋण की निर्भरता कम करना और कर्ज देने की प्रक्रिया को तेज व पारदर्शी बनाना है।

### एथर रिज्टा ने किया 2 लाख यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी के लिए बीता साल उपलब्धियों से भरा रहा है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी ने 2025 के अंत से पहले ही बडी उपलब्धि हासिल कर ली है। कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की 2 लाख यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया। कंपनी अब नए साल 2026 में एक और बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है, जिससे बजाज, टीवीएस और ओला जैसी कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एथर जल्द ही एक नया और किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है, जिसकी झलक अब डिजाइन पेटेंट के जरिए सामने आई है।

# हुंडई मोटर पेश करेगी भविष्य की एआई रणनीति और नया ह्यूमनॉइड रोबोट

» **सियोल, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**




हुंडई मोटर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) 2026 में अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स रणनीति पेश करेगी। इसके साथ ही वह अपनी अमेरिकी सहायक कंपनी बोस्टन डायनेमिक्स द्वारा विकसित अगली पीढ़ी के ह्यूमनॉइड रोबोट एटलस का भी अनावरण करेगी। हुंडई मोटर ग्रुप ने सोमवार को यह जानकारी साझा की। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप ने 5 जनवरी 2026 को लास वेगास के मंडले बे कन्वेंशन सेंटर में अपनी प्रजेंटेशन की घोषणा की है, जिसका विषय होगा ह्यमानव प्रगति के साथ साझेदारीः एआई रोबोटिक्स, लैब टू लाइफ।

इस सत्र में एआई रोबोटिक्स तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें मानव और रोबोट की साझेदारी और ग्रुप की एआई रोबोटिक्स इकोसिस्टम के निर्माण की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण एटलस रोबोट का डेब्यू होगा। हुंडई मोटर का

> योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप ने 5 जनवरी 2026 को लास वेगास के मंडले बे कन्वेंशन सेंटर में अपनी प्रजेंटेशन की घोषणा की है, जिसका विषय होगा मानव प्रगति के साथ साझेदारीः एआई रोबोटिक्स, लैब टू लाइफ।

कहना है कि यह रोबोट यह दिखाएगा कि एआई रोबोटिक्स तकनीक को वास्तविक जीवन में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। हुंडई मोटर ग्रुप अपनी रोबोटिक्स तकनीकों का उपयोग सॉफ्टवेयर-आधारित फैक्ट्री कांसेप्ट के माध्यम से करने की योजना बना रही है, जिसका उद्देश्य रोबोटिक्स और सॉफ्टवेयर को मिलाकर भविष्य में एआई के जरिए उत्पादन के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। इसके साथ ही, हुंडई मोटर ने बताया कि वह दक्षिण कोरिया में बैटरी शोध और विकास (आरएंडडी) के लिए एक बड़ा कैंपस बनाएगी, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना है। कंपनी ने जनवरी 2025 में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से लगातार हो रही प्रगति को दशानें के लिए सियोल से करीब 70 किलोमीटर दक्षिण में अनसेओंग में फ्यूचर मोबिलिटी बैटरी कैंपस के लिए टॉपिंग-आउट समारोह आयोजित किया।कंपनी ने 111,000 वर्ग मीटर में फैले इस नए संयंत्र में 1.2 ट्रिलियन वॉन (लगभग 818.3 मिलियन डॉलर) का निवेश किया है।

# पोको एम 8 और पोको एम 8 प्रो जल्द होगा लांच

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**




हाल ही में सामने आई सर्टिफिकेशन लिस्टिंग और लीक रिपोर्ट्स से पोको एम 8 और पोको एम 8 प्रो सीरीज के डिजाइन और स्पेसिफिकेशंस की अहम जानकारी सामने आई है। विशेषकर पोको एम 8 प्रो को लेकर यूजर्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पोको एम 8 प्रो में 6.83-इंच का बड़ा ओलेड डिस्प्ले मिलेगा, जो 1.5के रिजॉल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। यह कॉम्बिनेशन इस प्राइस रेंज में शानदार व्यूइंग और स्मूद स्क्रॉलिंग अनुभव देगा। फोन में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 4 प्रोसेसर दिए जाने की उम्मीद है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल के साथ-साथ गेमिंग और मल्टीटास्किंग में भी दमदार परफॉर्मेंस देगा। डिजाइन की बात करें तो लीक रेंडर्स में फोन को ब्लैक, ब्लू और ड्यूल-टोन सिल्वर-ब्लैक कलर ऑप्शंस में देखा गया है। कैमरा मॉड्यूल और बैक पैनल का डिजाइन इसे प्रीमियम लुक देता है। फोटोग्राफी के लिए पोको एम 8 प्रो में 50एमपी का प्राइमरी कैमरा मिलने की संभावना है, जो इस सेगमेंट के लिहाज से अच्छा माना जा रहा है। बैटरी के मामले में भी फोन काफी मजबूत नजर आता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इसमें करीब 6500एमएएच की बड़ी बैटरी दी जा सकती है, जो एक बार चार्ज करने पर पूरे दिन या उससे ज्यादा चलने में सक्षम होगी। इसके साथ 100वॉ फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलने की भी उम्मीद है, जिससे फोन बेहद कम समय में चार्ज हो सकेगा। हालांकि पोको ने अभी तक एम 8 प्रो की आधिकारिक लॉन्च डेट का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सर्टिफिकेशन लिस्टिंग से संकेत मिलते हैं कि यह स्मार्टफोन जनवरी 2026 के आसपास बाजार में दस्तक दे सकता है।

# अदाणी फाउंडेशन, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मुंबई में छात्रों के साथ राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

» **मुंबई, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**



अदाणी फाउंडेशन और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मुंबई में बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) स्कूलों के छात्रों के साथ एक हफ्ते तक चलने वाली मजेदार लर्निंग एक्टिविटीज के जरिए राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया।

भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस हर साल 22 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है।

फ्लैगशिप एजुकेशनल इनिशिएटिव प्रोजेक्ट उत्थान के तहत यह उत्सव गणित थीम पर केंद्रित था, जिससे छात्रों को गणित को कक्षा के डर वाले विषय के बजाय रोजमर्रा की जिंदगी के हिस्से के रूप में अनुभव करने में मदद मिली।

यह प्रोग्राम खासकर प्राइमरी स्कूल के स्टूडेंट्स के लिए गणित को आसान, प्रैक्टिकल और मजेदार बनाने के लिए डिजाइन किया गया था।

अदाणी इलेक्ट्रिसिटी के एक प्रवक्ता ने कहा, ह्यप्रोजेक्ट उत्थान उन समुदायों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी लंबे समय की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिनकी हम सेवा करते हैं। गणित आधुनिक जीवन, टेक्नोलॉजी और प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए बहुत जरूरी है। हमारे आस-पास गणित थीम के जरिए, हमारा मकसद छात्रों के लिए गणित को उपयोगी, समझने लायक और मजेदार समझने में मदद करना था। बीएमसी स्कूलों के साथ हमारी पार्टनरशिप यह पक्का करती है कि अच्छी क्वालिटी की, मजेदार शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे।

प्रवक्ता ने आगे कहा, हमारी इस पहल के तहत स्कूल क्लासरूम लर्निंग हब में बदल गए, जहां स्टूडेंट्स ने हैंड्स-ऑन एक्टिविटी, गेम्स और ग्रुप चैलेंज के जरिए नंबर, आकार, पैटर्न और लॉजिक को समझा। इस उत्सव में छात्र, शिक्षक और उत्थान सहायकों ने जोश के साथ हिस्सा लिया और जमीन स्तर पर एक्टिविटी को आसान बनाया।

सोच-समझकर तैयार की गई कई तरह की एक्टिविटीज साफ लर्निंग ऑब्जेक्टिव्स के साथ करवाई गईं। टैंग्राम चैलेंज, सुडोकू कॉर्नर, लॉजिक पहेलियां और मल्टीप्लिकेशन पिरामिड जैसे पजल्स और गेम्स के जरिए, स्टूडेंट्स ने नंबर सेंस, लॉजिकल रीजनिंग और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को मजबूत किया। स्ट्रॉ का इस्तेमाल करके 2डी और 3डी शेप बनाने और ओरिगेमी-बेस्ड ज्योमेट्री जैसी हैंड्स-ऑन एक्टिविटीज ने स्टूडेंट्स को स्थानिक कॉन्सेप्ट्स को समझने और मैथमेटिकल आइडियाज को प्रैक्टिकल तरीके से लागू करने में मदद की।

# दमदार फीचर्स वाला रेडमी नोट 15 प्रो प्लस लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**



> स्क्रीन की सुरक्षा के लिए कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे ज्यादा मजबूत बनाता है। परफॉर्मेंस के लिए रेडमी नोट 15 प्रो प्लस में क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7एस जेन एसओसी दिया गया है।

चाइनीज कंपनी रेडमी ने नए स्मार्टफोन रेडमी नोट 15प्रो प्लस 5जी को लॉन्च कर दिया है। 200एमपी कैमरा, 6500एमएएच बैटरी और 100वॉट फास्ट चार्जिंग जैसे फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं। दमदार फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन के साथ आया यह फोन अपने सेगमेंट में ह्यकेमरा किंगह्न के तौर पर देखा जा रहा है। फोन में 6.83-इंच का अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो 3,200 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आता है। एचडीआर10 प्लस सपोर्ट की वजह से स्क्रीन की पिक्चर क्वालिटी काफी शानदार है और तेज धूप में भी डिस्प्ले साफ नजर आता है।

स्क्रीन की सुरक्षा के लिए कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे ज्यादा मजबूत बनाता है। परफॉर्मेंस के लिए रेडमी नोट 15 प्रो प्लस में क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7एस जेन एसओसी दिया गया है। यह प्रोसेसर रोजमर्रा के काम, मल्टीटास्किंग और हाई-लेवल गेमिंग को आसानी से संभाल सकता है। इसमें 200एमपी का प्राइमरी कैमरा दिया गया है, जो शानदार डिटेल और कलर एक्यूरेसी के साथ फोटोज क्लिक करता है। इसके साथ 8एमपी का अल्ट्रा-वाइड लेंस भी मौजूद है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 32 एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है। डिजाइन की बात करें तो फोन प्रीमियम लुक और मजबूत बिल्ड के साथ आता है। आईपी66/68/69/69के सर्टिफिकेशन की वजह से यह फोन धूल और पानी से सुरक्षित रहता है।

भारत में रेडमी नोट 15 सीरीज की लॉन्चिंग जनवरी-फरवरी 2026 के आसपास होने की उम्मीद है, हालांकि नोट 15 प्रो प्लस की कीमत और लॉन्च डेट को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# 2025 में विलय-अधिग्रहण में रिकॉर्ड तेजी

## ओपन ऑफर 2008 के बाद सबसे ज्यादा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**



साल 2025 विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) के लिहाज से काफी सक्रिय रहा। प्राइमडेटाबेस डॉट कॉम के अनुसार, इस साल कुल 121 खुली पेशकशें हुईं, जो पिछले 17 वर्षों में सबसे अधिक हैं। यह संख्या 2008 के बाद दूसरी सर्वाधिक है, जब 133 खुली पेशकशें दर्ज हुई थीं। इस साल कुल 41,443.95 करोड़ रुपये की खुली पेशकशें की गईं, जो मूल्य के लिहाज से तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। सबसे बड़ी पेशकशों में टॉरंट फार्मास्युटिकल्स की जेबी केमिकल्स के लिए 6,842.80 करोड़ रुपये, निजी इक्विटी फर्म सीवीसी कैपिटल की इकाई एक्वीलो हाउस का आवास फाइनेंसर्स अधिग्रहण 3,682.15 करोड़ रुपये और आईएचएच हेल्थकेयर द्वारा फोर्टिस हेल्थकेयर का अधिग्रहण 3,349.44 करोड़ रुपये शामिल हैं। आम तौर पर, किसी कंपनी में 5 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने वाली संस्थाएं, कुल 25 फीसदी हिस्सेदारी या नियंत्रण में बदलाव के बाद खुली पेशकश करती हैं। अधिकतर पेशकशों का उद्देश्य न्यूनतम 26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करना और मौजूदा शेयरधारकों को बाहर निकलने का अवसर देना होता है।

# तीन लाख रुपये रिश्वत लेते हुए एएसआई गिरफ्तार



» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुग्राम की अपराध शाखा में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को तीन लाख रुपये रिश्वत लेते हुए जोधपुर में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई पर आरोप है कि उसने वाहन चोरी के एक मामले में आरोपी को पुलिस रिमांड में परेशान न करने और मदद करने के बदले रिश्वत मांगी थी। गुरुग्राम पुलिस के उच्च अधिकारियों ने आरोपी एएसआई को सस्पेंड कर दिया है। पालम विहार स्थित अपराध शाखा में तैनात एएसआई प्रवीन था। राजस्थान एसीबी की ओर से जारी सूचना में कहा गया कि जोधपुर एसीबी ग्रामीण शाखा में दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया था कि उसका मामा गुरुग्राम के सदर थाना में वाहन चोरी के मामले में पालम विहार अपराध शाखा की हिरासत में है। पालम विहार अपराध शाखा आरोपी को जांच के लिए राजस्थान के जोधपुर लेकर आई है। इसी दौरान अपराध शाखा के एएसआई प्रवीन ने मामले में मदद करने और रिमांड के दौरान परेशान न करने के नाम पर तीन लाख रुपये मांगे हैं। शिकायत की पुष्टि के बाद राजस्थान एसीबी की टीम ने आरोपी के एक परिवार वाले को रिश्वत के तौर पर मांगे गए रुपये देने के लिए भेजा। उसने एएसआई प्रवीन को हाईवे पर रुपये लेने के लिए बुलाया। राजस्थान एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता को जो तीन लाख रुपये दिए थे, उनमें डेढ़ लाख रुपये असली नोट और डेढ़ लाख के डमी नोट थे। जैसे ही एएसआई प्रवीन ने रिश्वत के रुपये लिए, राजस्थान एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

# सरकारी दफ्तरों का बदला समय, निजी दफ्तरों में अगले आदेश तक वर्क फ्रॉम होम

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

वायु गुणवत्ता में गंभीर गिरावट को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के चौथे चरण को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लागू किया गया है। आयोग के आदेशों के अनुपालन में गुरुग्राम जिले में राज्य सरकार तथा नगर निकायों के अधीन संचालित सभी सार्वजनिक कार्यालयों की ऑफिस टाइमिंग में बदलाव किया गया है।

उपायुक्त अजय कुमार ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने और यातायात व भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। ग्रेप के चौथे चरण के तहत जारी आदेशों के अनुसार गुरुग्राम जिले में सार्वजनिक कार्यालयों के समय में अस्थायी रूप से परिवर्तन किया गया है। राज्य सरकार के अधीन कार्यालय प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक, नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के अधीन कार्यालय तथा नगर परिषद सोहना, पटौदी मंडी एवं नगर पालिका फर्रुखनगर के कार्यालय प्रातः 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक कार्य करेंगे। यह व्यवस्था ग्रेप-IV की अवधि तक प्रभावी रहेगी।

डीसी अजय कुमार ने जिले के सभी निजी संस्थानों को अगले आदेशों तक वर्क फ्रॉम होम अपनाने की एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य वाहनों की आवाजाही और भीड़भाड़ को कम कर वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है। डीसी ने नागरिकों से प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने तथा प्रदूषण कम करने के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की।



## जहरीली हवा और कोहरे की दोहरी मार

मिलेनियम सिटी में ग्रेप के नियमों के बाद भी हवा की गुणवत्ता में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। हवा की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। रविवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गुरुग्राम तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। दूसरी ओर प्रशासन ने सरकारी कार्यालयों का समय बदल किया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ताजा बुलेटिन के अनुसार गुरुग्राम का वायु गुणवत्ता सूचकांक 328 दर्ज किया गया। वहीं मानेसर का एक्यूआई 199 दर्ज किया गया। रात के समय हवा चलने से मानेसर में रविवार को हवा की गुणवत्ता में हल्का सुधार नजर आया है, लेकिन गुरुग्राम में हवा की गुणवत्ता लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है। जहरीली हवा के चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस हुई। रविवार को हल्की धूप निकलने से कुछ समय के लिए स्मॉग जैसी स्थिति नजर आई लेकिन प्रदूषण का स्तर खतरनाक बना रहा।

## तापमान में गिरावट

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में तेजी से आई इस गिरावट ने ठिठुरन बढ़ा दी है।

# फ्लैट पर कब्जा करने के मामले में दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार



» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

सेक्टर-4 की पुलिस ने फ्लैट का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने और फ्लैट पर कब्जा करने वाली दो महिलाओं सहित चार आरोपी 20 दिसंबर को सेक्टर-4 से गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

आरोपियों की पहचान दौलताबाद गांव निवासी सार्थक बोड़वाल और लक्ष्मण विहार फेज-2 निवासी रोहित, लक्ष्मी व रितु के रूप में हुई है। पुलिस की जांच और आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मामले में शिकायतकर्ता के साथ जिस फ्लैट को लेकर झगड़ा हुआ है, उस फ्लैट को रोहित ने वर्ष 2021 में 15 लाख रुपये देकर खरीदा था। उसके पास फ्लैट का अग्रीमेंट भी है लेकिन रजिस्ट्री बंद होने के कारण वह इस फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं करा पाया था। वहीं, शिकायतकर्ता ने भी इसी फ्लैट को वर्ष 2024 में एक अन्य व्यक्ति से खरीदा और फ्लैट की रजिस्ट्री भी कराई गई। मामले में शिकायतकर्ता के पास सभी वैध दस्तावेज हैं और आरोपियों के साथ किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी की गई है लेकिन आरोपी रोहित ने अपनी मां लक्ष्मी, बहन रितु, साथी सार्थक बोड़वाल सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर 20 दिसंबर को फ्लैट का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया था और जान से मारने की धमकी भी दी थी। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-9 में धारा 115, 190, 191(2), 324(4), 329(4), 333 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी महिलाओं को मामले की जांच में शामिल किया गया है। वहीं, आरोपी रोहित व सार्थक को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के लिए दोनों को अदालत में पेश किया जाएगा।

# बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सेक्टर-38 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान द्वारका (दिल्ली) के सेक्टर-4 निवासी रमेश कुमार त्रिवेदी (67) के रूप में हुई है। वह शनिवार को अपने दोस्त विरेंद्र से मिलने गुरुग्राम के सेक्टर-29 क्षेत्र में आया हुआ था। रमेश कुमार त्रिवेदी ने अपने दोस्त विरेंद्र के साथ एक रेस्त्रां में खाना खाने के बाद करीब 10 बजे सिगरेट पीने के लिए सड़क की दूसरी ओर गए थे। सिगरेट न मिलने पर रमेश कुमार व विरेंद्र सड़क पार करके रेस्त्रां की ओर जा रहे थे तो रमेश कुमार अपनी बेटी से कॉल पर बात करने लगे। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने रमेश कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में रमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन देर रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सेक्टर-29 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया और विरेंद्र की शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी गजराज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



# हत्या के मामले में वांछित आरोपी को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

नूंह में दर्ज हत्या के मामले में एक साल से वांछित/फरार आरोपी को गुरुग्राम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसआईटी) ने 20 दिसंबर को सेक्टर-10 से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खेत में काम कर रही महिलाओं के साथ बदतमीजी करने व वीडियो न बनाने को कहने पर एक व्यक्ति की लाठी-डंडों से मारपीट करके हत्या कर दी थी।

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार गुरुग्राम पुलिस को मामले की जांच सौंपी गई थी। आरोपी की पहचान नूंह के कंगारिका गांव निवासी नाजिम (37) के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी शबीर व नाजिम की मृतक मलकीत की 8 अक्तूबर 2024 को आपस में कहासुनी हो गई थी। इसके चलते आरोपी नाजिम ने घर से अपने अन्य साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से मलकीत के साथ मारपीट की। मारपीट में लगी चोटों के कारण मलकीत की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों शबीर, आलम व आमिर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी नाजिम को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

# कैब चालक ने युवती से किया दुर्व्यवहार, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कैब चालक द्वारा एक युवती से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। वीडियो वायरल होने पर गुरुग्राम पुलिस ने अपना पक्ष रखा है। पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को युवती द्वारा शिकायत करने पर कुछ ही घंटों में कैब चालक को गुरुग्राम के सेक्टर-50 से गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी कैब चालक की पहचान रोहतक के बहनी महाराजपुर निवासी पंकज (22) के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि मामले में शिकायतकर्ता युवती के साथ फोन पर बात करने व गाने की आवाज कम करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके चलते उसने युवती के साथ दुर्व्यवहार किया था। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी भी बरामद की थी। 15 दिसंबर की शाम को सेक्टर-50 थाने में एक युवती ने शिकायत दी थी कि वह शाम करीब 6 बजे अपने कार्यालय से घर जाने के लिए कैब बुक की थी। यात्रा के दौरान कैब चालक द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, अशोभनीय व अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए उसे कैब से उतरने के लिए कहा। चालक के व्यवहार से भयभीत होकर युवती ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस सहायता प्राप्त की।



पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 15 दिसंबर को ही सेक्टर-50 थाने में धारा 77 व 79 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कैब चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद कैब चालक पंकज को गिरफ्तार कर लिया था और नियमानुसार कार्रवाई की गई थी। वायरल वीडियो छह दिन पुराना है।

## संक्षिप्त खबरें

### जापान में काम कर रहे दोस्त के नाम पर 2.90 लाख की ठगी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित आरपीएस पाम्स सोसाइटी निवासी एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने 2 लाख 90 हजार 400 रुपये ठग लिए। ठगी का तरीका बेहद शातिर था, जिसमें ठगों ने जापान में काम कर रहे उनके दोस्त का नाम इस्तेमाल किया। पीड़ित के अनुसार 14 नवंबर को उन्हें व्हाट्सएप पर एक मैसेज मिला, जिसमें उनके दोस्त ने भारत में अपनी चाची के लिए उपहार खरीदने में मदद मांगी। जानकार समझकर पीड़ित ने यूपीआई के जरिए राशि ट्रांसफर कर दी। बाद में जब पैसे लौटाने की बात हुई तो असली दोस्त ने किसी भी तरह की मांग से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। साइबर थाना सेंट्रल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 81 लाख की ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** डिजिटल अरेस्ट कर 81 लाख की ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धर्मेंद्र सोनी (23) निवासी जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-7डी, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी थी कि 14 से 18 अक्तूबर 2025 के बीच उसे कथित तौर पर डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन, डीसीपी बंगलूरु और सीबीआई मुंबई के अधिकारियों के नाम से लगातार वीडियो व ऑडियो कॉल आए। ठगों ने उसे डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाते हुए बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे गंभीर मामलों में शामिल है। ठगों ने केस से बाहर निकालने के नाम पर पीड़ित से अलग-अलग खातों में कुल 81 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने धर्मेंद्र सोनी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने गोकुल नामक व्यक्ति से बैंक खाता लेकर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। आरोपी 12वीं पास है और बेरोजगार बताया गया है।

# सूजी बेट्स 3 महीनों के लिए क्रिकेट मैदान से बाहर



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** न्यूजीलैंड की महिला बल्लेबाज सूजी बेट्स मार्च तक घरेलू समर सीजन से बाहर हो गई हैं। बेट्स को क्वाड्रिसेप्स में चोट लगी है। वह बीते महीने हैलिबर्टन जॉनस्टोन शील्ड मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हुई थीं। स्कैन के बाद सूजी बेट्स की चोट की गंभीरता का पता चला। उन्हें इससे उबरने के लिए तीन महीने के रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी, जिसका मतलब है कि बेट्स घरेलू समर सीजन के शेष मुकाबलों के लिए ओटागो और फरवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ व्हाइट फर्न्स की घरेलू सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। हालांकि, बेट्स ने स्पष्ट कर दिया है कि वह मार्च में साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड टी20 और वनडे सीरीज में उपलब्ध रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कहा, मैं इस समर सीजन में नहीं खेल पाने से बहुत दुखी हूं। मैं स्पार्क्स के साथ एक और सीजन खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, खासकर सुपर स्मैश में खेलना चाहती थी। मैं मार्च में व्हाइट फर्न्स के साथ मैदान पर वापस आना चाहूंगी, इसलिए अभी मेरा ध्यान इसी पर रहेगा। सुपर स्मैश की शुरूआत 26 दिसंबर से होगी। पहला मुकाबला सेडन पार्क में मेजबान नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स और ऑकलैंड के बीच शुरू होगा। 38 वर्षीय बेट्स राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हैं, जिन्होंने साल 2013 में ह्यआईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली न्यूजीलैंड की महिला बल्लेबाज हैं। सर्वाधिक बैटिंग औसत के मामले में भी वह अव्वल हैं। सूजी बेट्स 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान न्यूजीलैंड की महिला बास्केटबॉल टीम से खेल चुकी हैं।

# अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान की जीत के बाद छाये पूर्व कप्तान सरफराज

## नकवी से बोले प्रशंसक, टी20 विश्वकप के लिए भी मेंटर बनायें

» **लाहौर, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान की जीत के बाद पूर्व कप्तान सरफराज अहमद के बाद फिर लाइम लाइट में आये हैं। सरफराज ही भारत के खिलाफ 191 रनों से जीत दर्ज करने वाली पाक अंडर-19 टीम के मेंटर हैं। वहीं अब प्रशंसकों का कहना है कि सरफराज को अगले साल की शुरूआत में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम मेंटर बनाया जाना चाहिये। इसी को देखते हुए एक पाकिस्तानी प्रशंसक ने पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को भी अवार्ड समारोह के दौरान रोककर सरफराज को मेंटर बनाने की मांग रख दी।.

यह तीसरी बार है जब सरफराज के रहते पाक ने फाइनल में भारत को हराया। साल 2004 में उनके रहते हुए पाक ने कोलंबो में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप फाइनल में भारतीय टीम को 38 रन से हराया था। वहीं इसके बाद साल 2017 में जब वह सीनियर टीम के कप्तान थे। तब पाक टीम ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दिलायी थी।. रविवार को क्ळउ एकेडमी ग्राउंड पर 38 साल के सरफराज मेंटर के तौर पर डगआउट से

जीत के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया है जिसमें एक पाकिस्तानी प्रशंसक नकवी को दुबई में अवार्ड स्थल से बाहर जाते समय रोकता है और कहता, सरफराज कभी धोखा नहीं देता। इसके बाद प्रशंसक ने कहा, उन्होंने आपको 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जिताई थी। आज हमने एक और खिताब जीता है। कृपया उन्हें टी20 विश्व कप 2026 के लिए मेंटर बना दें। तब नकवी मुस्कुराते रहे और अंत में अंगूठा दिखाकर जवाब दिया।





# 80- 90 के दशक में इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित नहीं थीः माधुरी दीक्षित

**मुंबई, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** अपने शुरूआती दौर को याद करते हुए मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने बताया कि उस समय फिल्म इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित और प्रोफेशनल नहीं थी। 80 और 90 के दशक में गिने-चुने प्रोड्यूसर ही ऐसे थे, जो योजनाबद्ध तरीके से काम करते थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने अपने करियर के शुरूआती दिनों, फिल्ममेकिंग में आए बड़े बदलावों और आज के दौर में फिल्मों के चयन को लेकर खुलकर बात की। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में फिल्म ह्यअबोधह्न से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि यश चोपड़ा, बी. आर. चोपड़ा, सुभाष घई और राजश्री प्रोडक्शन्स जैसे बैनर उस दौर में प्रोफेशनलिज्म की मिसाल माने जाते थे, जबकि ज्यादातर फिल्में सीमित संसाधनों और बिना ठोस प्लानिंग के बनाई जाती थीं। उस समय सेट पर काम करने का माहौल काफी अव्यवस्थित हुआ करता था। उन्होंने बताया कि पहले शूटिंग की प्रक्रिया भी काफी अलग थी। कलाकारों को अपने किरदार की तैयारी के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिलता था। कई बार शूटिंग अचानक शुरू हो जाती थी और कलाकारों को मौके पर ही सीन समझकर कैमरे के सामने परफॉर्म करना पड़ता था। इसके विपरीत आज की फिल्म इंडस्ट्री पूरी तरह से बदली हुई है।



# कार एक्सीडेंट ने समझाई जिंदगी की अहमियत

## मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे हादसे को लेकर बोलीं डोनल बिष्ट

टीवी इंडस्ट्री की अभिनेत्री डोनल बिष्ट के साथ एक गंभीर हादसा हुआ। इस कार एक्सीडेंट ने डोनल को अंदर तक झकझोर कर रख दिया। इस हादसे को लेकर आईएएनएस से बात करते हुए डोनल ने अपनी आपबीती साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे ऐसे पल इंसान को जिंदगी की अहमियत समझा देते हैं। आईएएनएस से बातचीत में डोनल बिष्ट ने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब वह शूटिंग पर जा रही थीं। उन्होंने कहा, यह हादसा 19 दिसंबर को मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर हुआ था। मैं रोज की तरह अपने काम पर जा रही थी। ड्राइवर ने स्थिति को संभालने की पूरी कोशिश की, लेकिन हादसा हो गया। अभिनेत्री ने कहा, टक्कर के बाद कार और ट्रक आपस में फंस गए थे। हालात इतने गंभीर हो गए कि दोनों गाड़ियां करीब 100 मीटर तक सड़क पर घसीटती चली गईं। यह पूरा वाकया कुछ ही सेकंड में हुआ, लेकिन उन पलों में डर और घबराहट चरम पर थी। आखिरकार ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, जिससे दोनों वाहन अलग हो पाए। डोनल ने कहा कि अगर समय पर ब्रेक नहीं लगते, तो नतीजे बहुत गंभीर हो सकते थे। उन्होंने कहा, हादसे के बाद हम काफी देर तक सदमे में रहे। उस समय किसी को भी समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या हुआ है। भगवान का शुक्र है कि हादसे में सभी सुरक्षित रहे और किसी को जानलेवा चोट नहीं आई। हादसे के बाद शरीर से ज्यादा मन पर असर पड़ा और डर काफी समय तक बना रहा। डोनल ने बताया कि एक्सीडेंट के बावजूद उन्होंने अपने काम के कमिटमेंट पूरे किए। उन्होंने कहा, प्रोफेशनल जिंदगी में कई बार इंसान को अपनी निजी भावनाओं को अलग रखकर काम करना पड़ता है। शूटिंग के दौरान मैंने खुद को सामान्य दिखाने की कोशिश की। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में ह्यशो मस्ट गो ऑन की सोच बहुत गहरी है। उन्होंने कहा, जब काम खत्म हुआ और मुझे खुद के साथ कुछ वक्त बिताने का मौका मिला, तब एहसास हुआ कि वह हादसा कितना डरावना था। उस समय जिंदगी की अहमियत समझ आई। एक पल में सब कुछ बदल सकता है। इस अनुभव से मैंने यह सीख ली कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों, जिंदगी रुकती नहीं है और इंसान को आगे बढ़ते रहना पड़ता है।

# मेरे चाहने वालों थैंक्स, मैं जिंदा हूं, ड्रिंक एंड ड्राइव बिल्कुल नहीं करना चाहिए

## अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपने एक्सीडेंट के बाद भी किया परफॉर्मेंस, दिया अपडेट



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस नोरा फतेही शनिवार को मुंबई में एक भीषण कार हादसे का शिकार हो गईं। इस हादसे में उन्हें मामूली चोटें आई हैं। नोरा ने इंस्टाग्राम पर कई वीडियोज शेयर करके इस हादसे की डिटेल्स बताईं और कहा कि वह अभी भी ट्रॉमेटाइज्ड हैं। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के कुछ ही घंटों बाद नोरा ने मुंबई में अपनी परफॉर्मेंस भी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को अपनी सेहत का हाल बताते हुए इस अनुभव को ह्यजीवन का सबसे भयावह और दर्दनाक पल बताया और नशे में गाड़ी चलाने वालों पर जमकर बरसीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये हादसा शनिवार दोपहर को हुआ, जब एक शराबी ड्राइवर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के कुछ घंटों बाद ही नोरा ने मुंबई में स्टेज परफॉर्मेंस दी, जो उनकी डेडिकेशन को दिखाता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियोज में नोरा ने इस घटना को अपनी जिंदगी का सबसे डरावना और ट्रॉमेटिक मोमेंट बताया। मुंबई पुलिस के मुताबिक टक्कर से नोरा कार की खिड़की से जा टकराईं। पुलिस ने नशे में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद नोरा को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई गई। इसके बाद, उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कई वीडियोज पोस्ट करके अपने फैंस को अपडेट दिया। नोरा ने कहा कि हैलो दोस्तों, मैं बस आपको यह बताने आई हूं कि मैं ठीक हूं। हां, आज दोपहर मैं एक बहुत गंभीर कार दुर्घटना का शिकार हुई थी। एक नशे में धुत व्यक्ति ने, जो तेजी से गाड़ी चला रहा था। उसने मेरी कार को जोर से टक्कर मार दी। इम्पैक्ट इतना तेज था कि मैं कार में उछल गई और मेरा सिर विंडो से टकरा गया। उन्होंने आगे कहा मैं जिंदा हूं और ठीक हूं। ६

## संक्षिप्त खबरें

### थाई सेना ने कई इलाकों पर किया नियंत्रणः थाईलैंड पीएम

**बैंकांक, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने कहा कि थाई सेना ने अधिकांश विवादित क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया है और अब कंबोडिया की सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि थाईलैंड ने कोई समझौता नहीं तोड़ा और न ही आक्रामक रहा। सभी कदम देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने विदेश मंत्रालय को निर्देश दिए कि आसियान की विशेष बैठक में थाईलैंड का पक्ष स्पष्ट रूप से रखा जाए। थाई सरकार स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन कर रही है। हालिया झड़पों में अब तक 34 नागरिकों की मौत हुई है। सीमा पर झड़पें धीरे-धीरे कम हो रही हैं, लोग घर लौट रहे हैं और राहत शिविरों की संख्या घटाई गई है। कंबोडिया की सेना ने कुछ सीमावर्ती इलाकों में गोलाबारी जारी रखी।

### इंडोनेशिया के सेमारंग में बस दुर्घटनाग्रस्त, 15 लोगों की मौत

**जकार्ता, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** इंडोनेशिया के सेंट्रल जावा प्रांत के सेमारंग शहर में सोमवार तड़के क्राप्याक टोल एग्जिट के चौराहे पर एक बस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेमारांग सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस का चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क के रोड बैरियर से टकराकर पलट गई। सेमारंग सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के हेड बुडियोनो ने कहा कि बचाव अभियान काफी मुश्किल था क्योंकि कुछ पीड़ित बस के अंदर फंसे हुए थे और टूटे शीशे की वजह से अंदर जाने का रास्ता बंद था। बचाव दल को पलटी हुई बस के अंदर जाकर पीड़ितों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाना पड़ा और उन्हें बहुत सावधानी से बाहर निकालना पड़ा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफिस ने पुष्टि की कि सभी पीड़ितों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और उन्हें स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है।

# ईरान पर फिर हमला करने की योजना बना रहा इजराइल, 29 को ट्रंप से मिलेंगे नेतन्याहू

**ईरानी अधिकारी बोले-मिसाइल अभियान के चलते ट्रंप चाहते हैं ईरान पर हमला हो**

» **तेल अवीव, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

जानकारी मिल रही रही है कि इजराइल ईरान पर फिर हमला कर सकता है। ईरान के बलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम से भड़का इजराइल फिर ईरान पर स्ट्राइक करने की योजना बना रहा है। 29 दिसंबर को इजराइली पीएम नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले हैं। इस दौरान वह ट्रंप को आगे की योजना पर पूरी जानकारी दे सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में ईरान के अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि मिसाइल अभियान के चलते डोनाल्ड ट्रंप भी चाहते हैं कि ईरान पर हमला हो।



अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने अमेरिका के अधिकारियों से पहले भी इस बारे में बात की है। बता दें इजराइल और ईरान में हाल ही में युद्ध हुआ था। इसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी।

रिपोर्ट्स में बताया गया कि ईरान ने परमाणु ठिकाने फिर से बना लिए हैं और इसको लेकर इजराइल चिंतित है।

# न्यूजीलैंड में सिख धार्मिक जुलूस को प्रदर्शनकारियों ने रोका, पुलिस ने संभाले हालात



**सिख समूहों ने घटना की निंदा करते हुए इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया**

» **वेलिंगटन, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

न्यूजीलैंड के साउथ ऑकलैंड में सिख धार्मिक जुलूस को रोकने के लिए स्थानीय प्रदर्शनकारी जुलूस के रास्ते में खड़े हो गए। प्रदर्शनकारी हाथ में बैनर लिए थे, जिस पर लिखा था- यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं। सिख समूहों ने घटना की निंदा करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना रविवार को नगर कीर्तन के दौरान हुई। जुलूस मनुरेवा में गुरुद्वारा नानकसर थाथ ईश्वर दरबार से शुरू हुआ था। जुलूस जब लौट रहा था, उसी दौरान इसे रोक दिया गया। इस घटना से सिख समूहों में नाराजगी है। रिपोर्ट के मुताबिक घटना पर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया है। बादल ने एक्स पर लिखा- कल न्यूजीलैंड के साउथ ऑकलैंड में स्थानीय प्रदर्शनकारियों के शांतिपूर्ण नगर कीर्तन जुलूस में बाधा डालने की कड़ी निंदा करता हूं।

नगर कीर्तन एक पवित्र सिख परंपरा है- यह एक आनंदमय धार्मिक जुलूस है जिसमें श्री गुरुग्रंथ साहिब के भजन गाए जाते हैं, जो भक्ति, एकता और पूरी मानवता को आशीर्वाद देने को बढ़ावा देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय युवाओं का समूह बैनर लेकर पहुंचा और जुलूस का रास्ता रोक दिया। इस दौरान उन्होंने हाका डांस किया। हाका एक पारंपरिक माओरी डांस है जिसमें ऐतिहासिक रूप से युद्ध की रस्मों और मजबूत शारीरिक हरकतों का प्रदर्शन किया जाता है। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू करने के लिए दखल दिया। बातचीत के बाद प्रदर्शनकारी हट गए, जिसके बाद जुलूस आगे बढ़ा और सुरक्षित रूप से गुरुद्वारे पहुंचा। घटना ने न्यूजीलैंड में रहने वाले सिख समुदाय के लोगों में अपनी धार्मिक आस्था की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस मुद्दे को न्यूजीलैंड सरकार के साथ उठाने की अपील की, जिसे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और धार्मिक अधिकारों को सुनिश्चित और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। बादल ने कहा कि धमकाने की ऐसी हरकतें धार्मिक स्वतंत्रता और सार्वभौमिक भाईचारे की भावना के लिए खतरा है।

### बांग्लादेश में हिंसा के बीच छात्रों ने लगाई मदद की गुहार

**ढाका, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के बीच छात्र और पत्रकार अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। अवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग, बांग्लादेश स्टूडेंट्स लीग (बीएसएल) ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे बांग्लादेश में 12 फरवरी, 2026 को होने वाले अगले आम चुनाव को आजाद, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलना सुनिश्चित कराने में एक रचनात्मक भूमिका अदा करें। इसके साथ ही एडिटर्स और पत्रकारों ने प्रेस की स्वतंत्रता की गुहार लगाई है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए, छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि गैरकानूनी और गैर-संवैधानिक फासीवादी यूनुस सरकार द्वारा थोपे गए भीड़तंत्र के तहत, बांग्लादेश तेजी से अव्यवस्था और अराजकता की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही चरमपंथ बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था खत्म हो रही है।

### जेफ्री एपस्टीन मामले में ट्रंप की फोटो फिर जारी की गई

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में शामिल वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो को फिर से जारी किया है। इसमें मेलानिया ट्रम्प की भी तस्वीर है। डिपार्टमेंट ने कहा है कि इस फोटो में एपस्टीन मामले के किसी भी पीड़ित को नहीं दिखाया गया है। न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले तस्वीर पर आपत्ति जाहिर की थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा था। इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर सहित कुल 16 फाइलों को रविवार रात वेबसाइट से हटा दिया गया था। लेकिन जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिलने पर दुबारा जारी किया गया। तस्वीर हटाने के बाद डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाए कि अमेरिकी सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने साफ कहा कि इसका ट्रम्प से कोई संबंध नहीं है।

### भारत एक संप्रभु देश और भरोसेमंद पार्टनर है, हम व्यापार समझौते पर कर रहे कामः पुतिन

**मॉस्को, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को एक संप्रभु देश और भरोसेमंद पार्टनर बताया है। पुतिन ने यह बात रविवार को सुप्रीम यूरेशियन इकनॉमिक काउंसिल के उद्घाटन अवसर पर कही। इस बैठक का मकसद यूरेशियन इकनॉमिक यूनियन के अंदर सहयोग को और गहरा करना है। इस दौरान पुतिन ने कहा कि ईईयू ने खुद को उभरती हुई मल्टीपोलर दुनिया के एक आत्मनिर्भर केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यूरेशियन यूनियन की स्थापना साल 2015 में रूस, बेलारूस और कजाकिस्तान ने की थी, जिसमें आगे चलकर आर्मेनिया और किर्गिस्तान भी शामिल हुए।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए पर लगी मुहर, 20 मिलियन डॉलर का होगा निवेश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लग गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इस सिलसिले में टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों नेताओं ने मिलकर एक अहम भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा की। दोनों देशों के बीच 20 मिलियन डॉलर का निवेश होगा।

बता दें, ओमान, ब्रिटेन, ईएफटीए देशों, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और मॉरीशस के बाद पिछले कुछ वर्षों में यह भारत का 7वां एफटीए है। दोनों देशों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि एफटीए दोनों देशों के बीच ज्यादा व्यापार, निवेश, नवाचार और मिले-जुले मौकों के लिए एक उत्प्रेरक का काम करेगा। दोनों देशों के बीच रक्षा, खेल, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय क्षेत्र के दूसरे क्षेत्र में भी विकास का स्वागत किया।

बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने अगले पांच सालों में आपसी व्यापार को दोगुना करने और अगले 15 सालों में न्यूजीलैंड से भारत में 20 बिलियन डॉलर के निवेश का भरोसा जताया। इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय



(पीएमओ) की ओर से बयान भी जारी किया गया है। बयान के अनुसार, बातचीत इस साल मार्च में शुरू हुई और दोनों नेताओं ने नौ महीने के रिकॉर्ड समय में एफटीए को पूरा किया। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने की साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है।

पीएमओ के बयान में कहा गया, एफटीए से दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव काफी गहरा होगा, बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, निवेश का प्रवाह बढ़ेगा, दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग मजबूत होगा और दोनों देशों के नवाचारों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमईएस, छात्रों और युवाओं के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में नए अवसर भी खुलेंगे।

# एलन मस्क की कुल संपत्ति 749 अरब डॉलर पर पहुंची, कई देशों की जीडीपी के बराबर

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 दिसम्बर।**

अमीरों की दौड़ में एलन मस्क अब बहुत आगे निकल गए हैं। डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट के एक ताजा फैसले के बाद एलन मस्क की कुल संपत्ति 749 अरब डॉलर यानी 66 लाख करोड़ रुपए के जादुई आंकड़े को छू गई है। मस्क की रईसी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति, गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज से करीब 500 अरब डॉलर आगे निकल गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने टेस्ला के 139 अरब डॉलर मूल्य के उन ह्यस्टॉक ऑप्शंसह्व को फिर से बहाल कर दिया है, जिन्हें पिछले साल एक निचली अदालत ने ह्यअकल्पनीयह्व बताते हुए रद्द कर दिया था। कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में माना कि मस्क का वेतन पैकेज रद्द करना उनके साथ अन्याय था। इस एक फैसले ने मस्क की नेटवर्थ में जोरदार उछाल आया। एलन मस्क और लैरी पेज की संपत्ति में अब इतना ज्यादा है कि उसमें कई छोटे देशों की अर्थव्यवस्था समा जाए।

मस्क अब इतिहास के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं जिनकी नेटवर्थ ने न केवल 600



अरब, बल्कि 700 अरब डॉलर का भी पहाड़ लांघ लिया है। इस सप्ताह एलन मस्क इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति बने जिनकी नेटवर्थ 600 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गई। यह बढ़त उनकी एयरोस्पेस स्टार्टअप कंपनी स्पेसएक्स के संभावित आईपीओ की खबरों के बाद देखने को मिली। टेस्ला के शेयरधारकों ने मस्क के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर के वेतन पैकेज को मंजूरी दी है। यह कॉर्पोरेट इतिहास का सबसे बड़ा पे-चेक है।

निवेशकों का मानना है कि मस्क टेस्ला को सिर्फ एक कार कंपनी नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की दुनिया का बेताज बादशाह बना देंगे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *